अत्यावश्यक
ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9446/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
सहरसा।

पटना, दिनांक: 29/7/2025

**विषय :– पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के संबंध में।**

**प्रसंग :– शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा कार्यालय), बिहार, पटना का पत्रांक–1190 दिनाक–03.07.2025 एवं आपका पत्रांक–3033 दिनांक–26.11.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय पत्रांक–2487 दिनांक–13.02.2025 के माध्यम से सहरसा जिला अंतर्गत सोनवर्षा प्रखंड के ग्राम पंचायत बड़गाँव में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु उच्च विद्यालय, बड़गाँव के खाता संख्या–1103, खेसरा संख्या–3129, रकवा–32.5 डि० की भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति के बिन्दु पर शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया था।

शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा कार्यालय), बिहार, पटना द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया गया है कि उच्च विद्यालय, बड़गाँव, सोनवर्षा, सहरसा के प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण के कारण विद्यालय परिसर में वर्ग कक्ष एवं विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, किंतु विद्यालय के पास खेल का मैदान नहीं होगा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिसर में खेल के मैदान की आवश्यकता है। इस स्थिति में उक्त भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु निःशुल्क अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के बिन्दु पर असहमति व्यक्त की गयी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु सोनवर्षा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गाँव में अन्य उपयुक्त भूमि चयन करने की कार्रवाई की जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9446 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025**

**प्रतिलिपि :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/ 9446 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/ 9446 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025

**प्रतिलिपि** : आई टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

D:\2025\Rahul sir\PSB\PSB letter.docx

पत्रांक– 03/मा0शि0/अधि0– 546/2025...1190/

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग,
(माध्यमिक शिक्षा कार्यालय)

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
ई-ऑफिस डायरी सं0 4326695
दिनांक 10/7/25

प्रेषक,

दिनेश कुमार भा0प्र0से0
सचिव–सह–निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में,

समाहर्त्ता,
सहरसा।

पटना, दिनांक– 03/07/2025

विषय:– उच्च विद्यालय, बड़गांव, सोनवर्षा, सहरसा के प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु सहमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या– 3033, दिनांक– 26.11.2024 के द्वारा सहरसा जिलान्तर्गत पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु उच्च विद्यालय, बड़गांव, सोनवर्षा, सहरसा के प्रस्तावित भूमि को हस्तान्तरित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्रस्तावित भूमि की विवरणी अंचल–सोनवर्षा, मौजा– बड़गांव/39, खाता–103 खेसरा–129 रकवा– 32.05 डी0, चौहद्दी–उ0 में–रस्ता, द0–खेसरा–4938, 3133 पूरब में–खेसरा 3128, प0 में खेसरा–3130 खतियानी रैयत–विषहरी उच्च विद्यालय, प्रबंधकर्त्ता, प्रबंधकारिणी समिति है।

प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त पाया गया कि उच्च विद्यालय, बड़गांव, सोनवर्षा, सहरसा का प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण के कारण विद्यालय परिसर में वर्ग कक्ष एवं विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, किन्तु विद्यालय के पास खेल का मैदान नहीं होगा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिसर में खेल के मैदान की आवश्यकता है।

वर्णित स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त पाया गया कि उच्च विद्यालय, बड़गांव, सोनवर्षा, सहरसा के प्रस्तावित/चयनित भूमि पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु निःशुल्क अन्तर विभागीय हस्तान्तरण पर सहमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने पर असहमति संसूचित किया जाता है।

प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(दिनेश कुमार)
सचिव–सह–निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना
11 JUL 2025

ज्ञापांक– 03/मा0शि0/अधि0– 546/2025..1190 पटना, दिनांक–03/07/2025

**प्रतिलिपि–** सचिव, पंचायत राज विभाग, बिहार, पटना/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, कोशी प्रमण्डल, सहरसा/जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा/प्रधानाध्यापक,उच्च विद्यालय, बड़गांव, सोनवर्षा, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

1166
18/7/25

सचिव–सह–निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)